Research Unit
Press Information Bureau
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

# देश के कोने-कोने में लाखों लोगों को सशक्त बनाती विकसित भारत संकल्प यात्रा

## यात्रा के दौरान 1.64 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरित; पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 9.47 लाख से अधिक नागरिक नामांकित; 'मेरा भारत' कार्यक्रम में 27.31 लाख युवा पंजीकृत

03 जनवरी, 2024

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से इन योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गयी *विकसित भारत संकल्प यात्रा* अब पूरे देश में गति पकड़ने लगी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को झारखंड के खूंटी से कई सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैन देश भर के विभिन्न स्थानों से एक साथ लॉन्च करके इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। यात्रा का लक्ष्य 25 जनवरी, 2024 तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000+ शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है।



*समूचे भारत में जागरूकता बढ़ाती विकसित भारत संकल्प यात्रा*

यह यात्रा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए देश के दूर-दराज के इलाकों में भी अपना सफर तय कर चुकी है। केंद्र सरकार की यह पहल सुनिश्चित करती है कि राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति, यहां तक कि दूरस्थ इलाकों में सभी लोग, इन सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं

से लाभान्वित हो सकें। यात्रा के दौरान जनता को ऑन-स्पॉट पीएम उज्ज्वला योजना नामांकन, एमवाई भारत स्वयंसेवक पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बड़ी संख्या में नागरिक भी विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ रहे हैं, जो यात्रा में पर्याप्त जन भागीदारी को दर्शाती है। संकल्प यात्रा के जरिये जनता को उनके उचित विशेषाधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन प्रदान करने के लिए 9.47 लाख लोगों को पंजीकृत किया गया है, जिससे उनके परिवारों को रसोईघर में धुएं से राहत मिल सके। इसी प्रकार 1.64 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किये जा चुके हैं, जिससे नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का व्यापक स्वास्थ्य कवरेज का लाभ मिलेगा।

यात्रा के दौरान 18.15 लाख लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत दुर्घटना बीमा प्रदान किया जा चुका है। 10.86 लाख नागरिक जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभान्वित हो चुके हैं। ये दोनों योजनाएं पूरे भारत में वित्तीय समावेशन को भी आगे बढ़ा रही हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत 6.79 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा चुका है। यही नहीं, भारत सरकार के 'मेरा भारत' कार्यक्रम के लिए 27.31 लाख से अधिक युवा पंजीकरण करवा चुके हैं, जो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति जनता के बढ़ते लगाव की नई लहर का प्रतीक है।



**संदर्भ**


- https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1983195
- https://mybharat.gov.in/
- https://pib.gov.in/FactsheetDetails.aspx?Id=148912
- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1969429#:~:text=5%20lakhs%20per%20family%20per,the%20scheme%20has%20Ayushman%20card.
- https://viksitbharatsankalp.gov.in/dashboards/dashboard1


निमिष रुस्तगी/हिमांशु पाठक/रितु कटारिया/अश्वथी नायर/इंदू शर्मा